मेरा काली कमली वाले ने दिल लूट लिया

मेरा काली कमली वाले ने दिल लूट लिया,
लूट लिया, दिल लूट लिया ।
कजरारे नैनो वाले ने दिल लूट लिया ॥

मेरे दिल में बस गया आ कर सुन्दर श्याम सलोना,
उस बांके की बाँकी अदा ने कर दिया मुझ पर टोना ।
तिरछी चित्तवन वाले ने दिल लूट लिया,
कजरारे नैनो वाले ने दिल लूट लिया ॥

जब से देखि सांवरी सूरत हर पल रहूँ मैं खोयी,
रात दिन तेरी याद सताए छुप छुप बैठ के रोयी ।
उस छैल छबीले ग्वाले ने दिल लूट लिया,
मेरा काली कमली वाले ने दिल लूट लिया ॥

एक झलक क्या देखि तेरी हम तेरे हो बैठे,
तेरी सांवरी सूरतिया पे दिल अपना खो बैठे ।
चीत्त चोर कन्हैया काले ने दिल लूट लिया,
मेरा काली कमली वाले ने दिल लूट लिया ॥

तेरी प्रीत में पागल होकर डोलूं वन वन प्यारे,
'चित्र विचित्र' का व्याकुल मन अब कैसे धीरज धारे ।
बांके वृन्दावन वाले ने दिल लूट लिया,
मेरा काली कमली वाले ने दिल लूट लिया ॥

स्वर : चित्र विचित्र

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1079/title/mera-kali-kamli-wale-ne-dil-loot-liya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |